# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

**नियमित मासिक प्रकाशन का सतरहवां वर्ष**

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org

**अंक 196** | **स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष** | **जुलाई 2018**


## कार्यकारिणी परिषद बैठक

कार्यकारिणी परिषद की बैठक 26 जुलाई को 11:30 बजे पन्नाधाय सभागार में अध्यक्ष **डॉ के बी शर्मा** की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें 26 सदस्यों ने भाग लिया। पूर्व बैठक(दि.17/8/17) की कार्यवाही का विवरण महामंत्री **श्री आर.सी. भटनागर** द्वारा पढ़ा गया तथा उस बैठक के बाद समिति द्वारा किये कार्यों की जानकारी दी गई। अकाउण्टेण्ट से प्राप्त अस्थायी बैलेन्स शीट तथा वर्ष 17–18 का आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

नये आजीवन सदस्यों **डॉ जी एस आमेटा, डॉ पी सी कंठालिया, श्री ओ.पी. सोनी, श्री हेमन्त तोतावत** की स्वीकृति दी गई। **श्री राजेन्द्र जी बया** को **प्रधान संरक्षक सदस्य** बनाया गया। उन्हें उस दिन मंचासीन किया गया। **प्रोफेसर विभा भटनागर** को **संरक्षक सदस्य** श्रेणी में शामिल किया गया।

अगली कार्यकारिणी के लिए चयन समिति का गठन किया गया जिसमें **डॉ के एल कोठारी, डॉ के बी शर्मा, श्री एच वी पालीवाल, डॉ एम के भटनागर** एवं मनोनीत अध्यक्ष **डॉ एल एल धाकड़** सदस्य हैं। **डॉ एल एल धाकड़** ने निर्माण कार्य (नवीनीकरण) की जानकारी दी। स्थापना दिवस 28 अगस्त के कार्यक्रम की स्वीकृति दी गई जो सायंकाल आयोजित होगा। मुख्य अतिथि सम्बन्धी भी चर्चा हुई।

संस्थापक के सुझाव पर संरक्षक सदस्यों की दो नई श्रेणियां स्वीकार की गई – महासंरक्षक (सहयोग राशि– 25 लाख) एवं शिखर संरक्षक (सहयोग राशि – 51 लाख)। कुछ विशिष्ट लोगों के चित्र सभागार में लगाने सम्बन्धी भी बात हुई किन्तु यह चर्चा निर्णय तक नहीं पहुँची।

## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाशन** : जुलाई माह में "जीन और हमारा व्यवहार", "नींद क्यों जरूरी" विश्वसनीय डाइटीशियनय डॉ डी एस कोठारी विज्ञान चेतना अभियान के विभिन्न कार्यक्रमय विज्ञान का रोचक ज्ञान लेख आदि प्रकाशित हुए।

● **विज्ञान चेतना अभियान**

डॉ. डी एस कोठारी विज्ञान चेतना अभियान के अंतर्गत 31 जुलाई को विज्ञान समिति द्वारा मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य विषय **'स्वास्थ्य एवं पोषण'** पर आधारित लोकोपयोगी ज्ञान के मॉडल सराहनीय रहे। उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक ज्ञान पर आधारित चित्रांकन किया। इस अवसर पर विज्ञान क्विज़ एवं विज्ञान विषयक निबंध लेखन का भी आयोजन किया गया। पारितोषक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दैनिक भास्कर उदयपुर के प्रमुख सम्पादक **श्री त्रिभुवन सिंह** थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता **डॉ ओ पी चपलोत,** जोन चेयरमैन जैन सोश्यल ग्रुप ने की।

विज्ञान क्विज़ प्रतियोगिता में राजकीय बा.उ.मा. विद्यालय,




जगदीश चौक की **हीना कुँवर, खुशी जोशी** प्रथम स्थान पर तथा बालिका विद्यालय, अंबामाता की **कल्पना कुमावत, विनीता राजपूत** की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा – प्रथम – **खुशबू वैष्णव,** द यूनिवर्सल स्कूल, द्वितीय **नीना मीणा,** महिला मण्डल स्कूल एवं **भारती रावल**, आदिनाथ स्कूल, तृतीय स्थान पर **खुशबू राठौड़,** तुलसी निकेतन स्कूल रही। मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर **नकुल पंड्या** एवं **मानवी मारु** द्वितीय स्थान पर सविज्ञा सोनी रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में **मेधा चौधरी** प्रथम स्थान पर और **विनीत चीता** द्वितीय रहे। विजेता विद्यार्थियों को **डॉ. यशवन्त कोठारी चेरिटेबल पब्लिक ट्रस्ट, उदयपुर** की ओर से पारितोषिक व प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम की दैनिक भास्कर 1 अगस्त में विस्तृत जानकारी प्रकाशित हुई।

अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि **श्री त्रिभुवन सिंह,** प्रधान सम्पादक दैनिक भास्कर ने कहा कि बालक जन्म से ही जिज्ञासु होता है। विज्ञान की शिक्षा से उसमें चिन्तन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण होता है। विज्ञान का अध्ययन एक जीवन पद्धति है, राष्ट्र के





सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

विकास में विज्ञान का योगदान अविस्मरणीय है। बालकों में वैज्ञानिक प्रतिभा के विकास एवं प्रोत्साहन के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत सहायक है। विज्ञान समिति के संस्थापक **डॉ के एल कोठारी** ने पद्मविभूषण **डॉ डी एस कोठारी** के प्रेरक जीवन एवं राष्ट्रीय योगदान को रेखांकित किया। इस आयोजन के प्रायोजक **डॉ वाय एस कोठारी** चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी **डॉ यशवन्त कोठारी** ने ट्रस्ट की मुख्य प्रवृत्तियों की जानकारी दी। कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ के पी तलेसरा** एवं **डॉ महीप भटनागर** ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम के समन्वयक **श्री प्रकाश तातेड़** ने समारोह का संचालन किया।

● **एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम :**

**आदर्श ग्राम विकास - देवाली :** कृषि विश्वविद्यालय के बाँसवाड़ा अनुसंधान फार्म से विभिन्न फलों के पौधे प्रोफेसर आर एस राठौड़ (नॉडल ऑफीसर) लेकर आये और उनको देवाली गाँव में श्री घीसूलाल मेघवाल की देखरेख में रखा गया। पौधों की संख्या इस प्रकार थी– पपीता–150, आम –50, नींबू– 100, अमरुद – 20। इनको विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों पर गाँव के कृषकों को दिये गए। दरें इस प्रकार थी – पपीता – 20 रु. पौधा, आम – 40 रु., नींबू – 20 रु., एवं अमरुद– 35 (प्रति पौधा)। पपीते के अलावा लगभग सभी पौधे किसान ले गये हैं और उनको खेतों की मेड़ पर लगा दिये हैं।

दिनांक 01.08.2018 को 28 जुलाई का प्रस्तावित भ्रमण देवाली गांव का आयोजित किया गया जिसमें विज्ञान समिति की ओर से **डॉ के एल कोठारी, डॉ जी एस आमेटा, श्री मुनीश गोयल तथा श्री कैलाश वैष्णव** ने अपनी उपस्थिति दी। बैठक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, देवाली में आयोजित की गई जिसमें स्कूल के सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं, प्रधानाध्यापक तथा ग्रामवासियों की ओर से **श्री इंदरसिंह एवं श्री शंभुसिंह** उपस्थित थे।

'लहर' पत्रिका जुलाई 2018 अंक की प्रतियां वितरित की गई एवं हमारे संरक्षक सदस्य **श्री गंभीर सिंह जी मेहता** द्वारा जो कॉपियां, रजिस्टर बच्चों में वितरण के लिए दिए वह स्कूल को सौंप दिए। इनमें हिन्दी, अंग्रेजी और गणित की पहली से पाँचवी क्लास तक के बच्चों के लिए तथा 6 से 8वीं कक्षा तक के लिए रजिस्टर थे। बच्चों को पेन, पेन्सिल आदि भी वितरित किए गये। स्कूल के दो होनहार बच्चे **श्री मनीष मेघवाल** तथा **श्री शैतान नगारची** की प्रतिभाओं का सदस्यों ने अवलोकन किया तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल कम्पाउण्ड में बड़े पैमाने पर 17 अगस्त को वृक्षारोपण करने की योजना बनाई गई, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। स्कूल के प्रधानाध्यापक, स्टाफ एवं बच्चों का ग्राम विकास में तथा विज्ञान समिति द्वारा किए गए कार्यकलापों में पूर्ण सहयोग रहता है। इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया तथा सभी के साथ फोटो भी खींचा। **श्री शम्भू सिंह** के बगीचे का अवलोकन किया जिसमें अमरुद, नींबू, तथा मूंगफली आदि लगाई हुई है। **डॉ आमेटा** ने उनकी फसलों को संतोषजनक नहीं माना एवं उसमें सुधार के सुझाव दिए। **श्री इंदरसिंह जी** ने बताया कि उन्होंने नींबू के 130 पौधे तीन–तीन साल वाले अपने खेत में लगाये हैं, उनको अगले गांव भ्रमण पर देखना है।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ** -दिनांक 10 जुलाई 2018 को प्रकोष्ठ की बैठक हुई जिसमें सदस्यों को **''प्राणिक हीलिंग''** प्रशिक्षिका **श्रीमती खुशी लाम्बा** (जयपुर) द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में इनरव्हील क्लब, रोटरी मीरा, मिसाल, वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ की भी भागीदारी रही। **श्रीमती बेला जैन** नवाचार महिला प्रकोष्ठ की संयोजक ने सभी का स्वागत किया व प्रशिक्षिका का परिचय करवाया। प्रशिक्षिका **श्रीमती खुशी लाम्बा** ने प्राणिक हीलिंग की जानकारी दी एवं सभी को मेडिटेशन करवाया। **श्रीमती पुष्पा जी कोठारी** ने ट्युर की जानकारी प्रदान की। अंत में **श्रीमती बेला जैन** ने सबका आभार प्रकट किया। लगभग 80 महिलाओं ने भाग लिया।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ -** विज्ञान समिति के वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ ने अपनी सदस्याओं हेतु दो दिवसीय पिकनिक का आयोजन वर्षाकाल में सुरम्य प्रकृति दर्शन का आनन्द लेने और जीरावला पार्श्वनाथ भ्रमण के लिये किया। 18 जुलाई 2018 प्रातः 6 बजे 48 सदस्याओं ने बस द्वारा प्रस्थान किया। बामनवाड़ में नाश्ता, प्रातः भोजन पावापुरी में और संध्या का भोजन जीरावला में किया। रात्रि विश्राम हेतु वातानुकूलित शयन कक्ष सभी को उपलब्ध करवाये गये। 19 जुलाई प्रातः नाश्ता और फिर भोजन जीरावला में ही किया गया।

बस–यात्रा में और जीरावला प्रवास की अवधि में अवसरानुकूल, ज्ञानवर्द्धक एवं मनोरंजक अन्ताक्षरी, धार्मिक हाउजी एवं खेलों का आयोजन किया गया। सभी सदस्याओं ने बढ़–चढ़ कर अत्यन्त उत्साह से भाग लिया और विजेताओं में पुरस्कार भी वितरित किये गये। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** और **श्रीमती स्नेहलता साबला** ने तेज बारिश में भीगते हुए सुनन्दा देवी–दर्शन के लिये आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की किन्तु लगातार हो रही वर्षा के कारण सहमति नहीं होने से कार्यक्रम को निरस्त किया।

वर्षाऋतु में हरियाली की चादर ओढ़े प्रकृति की गोद में रहने का आनन्द तथा देव दर्शन का लाभ लेकर 19 जुलाई संध्या को पुनः उदयपुर वापसी हुई।

**ग्रामीण महिला चेतना शिविर -** 30 जुलाई को आयोजित प्रार्थना के बाद सभी का परिचय हुआ, सिलाई प्रशिक्षण नान्दवेल में चल रहा है। उन महिलाओं के द्वारा सीले गये कपड़ों का निरीक्षण किया गया उनकी कमियां बताई गई।

**डॉ के एल कोठारी** ने महिलाओं को विज्ञान समिति के कार्यों के बारे में एवं जीवन पच्चिसी के कुछ बिन्दुओं पर चर्चा की। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने ''लहर'' पर चर्चा एवं लहर का वितरण किया।

महिलाओं को बस द्वारा गृह–विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर में सिलाई विभाग में सिलाई की तकनीक और नये तरीके सिखाने के लिए **श्रीमती मंजुला शर्मा** ले गई। **श्रीमती सुधा बाबेल** (विभागाध्यक्ष) ने **श्रीमती पारुल जी** को निर्देशन के लिए साथ में भेजा। श्रीमती पारुल ने महिलाओं द्वारा सीले गये सभी वस्त्रों को देखा उनकी कमियां भी बताई उन्होंने मशीनों के बारे में जानकारी दी तथा वहां के बने हुये वस्त्रों को भी दिखाया।

**श्रीमती सुधा बाबेल** ने महिलाओं को सिलाई का विशेष प्रशिक्षण देने की बात को स्वीकार किया। चन्देसरा व टूस डांगियान की महिलाओं ने ऋण की किस्त जमा कराई।

**सिलाई प्रशिक्षण** – 9 जुलाई 2018 को टूस डाँगियान के अटल सेवा केंद्र पर टूस डांगियान का सिलाई प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष **श्री बी एल खमेसरा, उपाध्यक्ष डॉ बी एल चावत, श्री पारस हिंगड़** – सहसचिव एवं **श्री सुरेश मेहता** तथा विज्ञान समिति से **डॉ के एल कोठारी, प्रो विभा भटनागर, श्रीमती मंजुला शर्मा एवं श्री कैलाश** उपस्थित थे। 25 महिलाओं ने 30 दिन का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षिका **श्रीमती मंजु मेघवाल** थी। प्रशिक्षणार्थियों ने उनके प्रशिक्षण की सराहना की। जिन–जिन महिलाओं ने प्रशिक्षण के दौरान सिले हुए कपड़े का प्रदर्शन किया उनका मूल्यांकन **प्रोफेसर विभा भटनागर तथा डॉ बी एल चावत** ने किया। श्रेष्ठ 3 महिलाओं को नकद पुरस्कार

दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षिका को मानदेय के रूप में 3000रु. का चैक प्रदान किया गया। इस अवसर पर टूस डांगियान बालिका विद्यालय को एक सिलाई मशीन व आंगनवाड़ी केंद्र के दो केन्द्रों के बच्चों को 32 यूनिफार्म महावीर इंटरनेशनल, उदयपुर की ओर से देने की सहमति प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम के पश्चात् पूरा दल नान्दवेल के माध्यमिक विद्यालय में गया। वहाँ प्रशिक्षण के लिए 9 सिलाई मशीनें भी दी गयी। वहाँ **श्रीमती मंजु जोशी** के नेतृत्व में प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। 25 महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया। इस शिविर की प्रशिक्षिका **श्रीमती सोनिया मेघवाल** है। इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय का सभागार उपलब्ध करवाया गया। विद्यालय प्रशासन का आभार। इन दोनों प्रशिक्षणों का नेतृत्व **श्रीमती हंसा सेन** ने किया। दोनों ही केन्द्रों की प्रेरक महिला **श्रीमती हंसा सेन** रही है।

## स्वास्थ्य सेवाएं

**निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे हैं। जुलाई माह में 9 शिविर आयोजित हुए जिसमें 76 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। इस शिविर में **श्री एल एन शर्मा, श्री ललित पोरवाल, श्री बलवन्त सिंह बया, श्री सत्यनारायण लड्ढा, श्री ओम जोशी, श्री राम प्रकाश बन्सल, श्री हीरालाल धाकड़ एवं श्रीमती सुशीला जागेटिया** ने अपनी सेवाएं प्रदान की। सभी उपचारकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **61वां शिविर** दिनांक 15 जुलाई 2018 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. एच.एल. खमेसरा** वरिष्ठ यूरोलोजिस्ट, **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ**, डॉ. भानुप्रकाश वर्मा ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. ए.के. बापना वरिष्ठ फिजिसियन, डॉ. नेहा व्यास होम्योपेथी विशेषज्ञ, डॉ. प्राची भटनागर डाइटिशियन, डॉ. आशा खमेसरा** वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज से** दंत चिकित्सकीय टीम एवं तकनीकी सहायकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। एक्यूप्रेशर टीम में **श्री बी.एल. पोखरना** एवं **श्री एल.एन. शर्मा** ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं प्रदान की। इनके साथ ही मधुमेह परीक्षण की टीम ने भी अपना योगदान प्रदान किया।

इस शिविर में 11 सामान्य, 20 हृदय रोग, 15 मधुमेह, 2 ईएनटी, 1 दंत रोग, 09 अस्थिरोग, 08 नेत्र रोग, 03 होम्योपेथी, 01 पाईल्स रोग कुल –74 रोगियों का विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 04 दर्दियों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. एल. एल. धाकड़, श्री आर.सी. भटनागर, डॉ. शैल गुप्ता, श्रीमती शकुन्तला धाकड़, श्रीमती रेणु भण्डारी, श्री प्रकाश तातेड़** ने अपनी सेवाएं प्रदान की। आगामी **62 वां शिविर 19 अगस्त 2018** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 6 जुलाई 2018 को पद्मविभूषण डॉ डी एस कोठारी के जन्म दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पेसिफिक विश्वविद्यालय तकनीकी प्रेसिडेंट **प्रो बी पी शर्मा** थे। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता **प्रो. नीरज शर्मा** विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, एमएलएसयू विश्वविद्यालय, उदयपुर, प्रोफेसर पारसमल अग्रवाल, भौतिक विज्ञान शास्त्री एवं अध्यात्मवेत्ता तथा **प्रोफेसर पी के दशोरा,** पूर्व कुलपति कोटा विश्वविद्यालय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ के बी शर्मा** ने की। संस्थापक सदस्य **डॉ के एल कोठारी** ने पद्मविभूषण **डॉ डी एस कोठारी** के जीवन पर प्रकाश डाला एवं संगोष्ठी पृष्ठभूमि पर विस्तृत जानकारी दी। **प्रोफेसर बी पी शर्मा** द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदान किया गया। **प्रोफेसर एन एल कच्छारा,** संयोजक संगोष्ठी द्वारा समापन वक्तव्य प्रदान किया गया एवं आभार कार्यकारी अध्यक्ष विज्ञान समिति **प्रोफेसर के पी तलेसरा** द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन **श्री प्रकाश तातेड़** ने किया। संगोष्ठी में प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के सदस्य एवं कोठारी परिवार के प्रमुख **श्री बी एस कोठारी** भी उपस्थित थे।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

माह के प्रत्येक सोमवार को चर्चा बैठकें हुई जिनमें समसामयिक विषयों पर चर्चाएं हुई। इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 27 जुलाई को पन्नाधाय सभागार में 11:30 बजे हुई। जिसमें वक्ता थे उपाध्यक्ष प्रोफेसर **डॉ महीप भटनागर,** जिन्होंने जीन्स की रचना उनके कार्यकलाप एवं हमारे जीवन पर उनके प्रभाव सम्बन्धी विस्तृत वार्ता पावर प्रजेन्टेशन से दी। इस वार्ता को उपस्थित सदस्यों ने बहुत सराहा और यह अनुभव किया कि इस विषय पर चर्चाएं और होनी चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन संयोजक **श्री मुनीश गोयल** ने किया।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का जुलाई माह का अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ तथा भिक्षु आलोक संस्थान की साधारण सभा की बैठक केलवा में 23 जुलाई को भिक्षु भूमि में आयोजित हुई जिसमें समीक्षा के अलावा कई नए निर्णय लिए गए।

## अन्य कार्यक्रम

● श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा एवं अणुव्रत समिति उदयपुर द्वारा आयोजित आचार्य श्री महाप्रज्ञ के 99 वें जन्मदिन को प्रज्ञा दिवस के रूप में विज्ञान समिति के मैरी क्यूरी सभागार में दिनांक 11 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे आयोजित हुआ, जिसमें **डॉ के एल कोठारी** ने भी अपनी कविता सुनाई।

● **डॉ एस एन जोशी** की स्मृति सभा विज्ञान समिति एवं एमबी कॉलेज

## आर्थिक सहयोग

**छात्रवृति हेतु –** श्री के एल बोहरा– रु. 20,000 श्री मोतीसिंह खमेसरा –रु. 1,000 श्री शांतिलाल गोदावत रु. 3000

**सदस्य वार्षिक सहयोग –** श्री मोतीसिंह खमेसरा –रु.1,000 श्री शांतिलाल गोदावत – रु.1,000

**सिलाई प्रशिक्षण –** महावीर इंटरनेशनल – रु. 6000

आजीवन सदस्यता – इंजीनियर ओमप्रकाश सोनी – रु. 11000

**विद्यार्थियों को स्टेशनरी सहयोग–**

1) श्री गंभीरसिंह मेहता– देवाली के सभी विद्यार्थियों कोपियाँ, रजिस्टर, पेन, पेन्सिल आदि
2) श्री बी.एस. भण्डारी –900 कॉपियाँ
3) श्री राजेन्द्र जी बया – 400 कॉपियाँ

सभी सहयोगकर्ताओं को हार्दिक आभार।

पूर्व छात्र परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई जिसमें जोशी जी के बड़े पुत्र हमारे सदस्य **श्री अरुण जोशी** सपत्नी आये। इस सभा में कई लोगों ने जोशी जी के बारे में अपनी–अपनी स्मृतियाँ संजोई। **डॉ के एल कोठारी** ने जोशी जी के लिए रचित कविता द्वारा अपनी स्मृतियाँ प्रकट की।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ के.पी. तलेसरा** के सुपुत्र हमारे सदस्य **डॉ अनुराग तलेसरा** जो सहायक आचार्य के रूप में ऑर्थोपेडिक्स विभाग, आर.एन.टी मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनकी विभागीय पदोन्नति प्रिन्सिपल मेडिकल ऑफिसर के पद पर हो गयी है। वे स्थानीय मेडिकल कॉलेज में ही सेवाएं देते रहेंगे। **डॉ अनुराग** एवं तलेसरा परिवार को हार्दिक बधाई।

●.हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष इंजीनियर **श्री आर के चतुर** अपने परिवार सहित यूरोप यात्रा गये थे। वो सकुशल मीठी यादें लेकर पुनः उदयपुर आ गये हैं।

● हमारे सदस्य **इंजी. श्री अरुण जी** अग्रवाल सिंधु दर्शन हेतु 17 जून को उदयपुर से प्रस्थान कर 18 जून को जम्मू और फिर श्रीनगर और कारगिल होते हुए 22.06 को लेह पहुँचे जहाँ 3 दिन सिंधु नदी के उद्गम पर पूजा की। मनाली कुल्लू भी देखे। 1 जुलाई को पुनः उदयपुर पहुँचे।

● हमारे सदस्य श्री अरुण सरुपरिया (**ढामाद प्रो. एल एल धाकड़ एवं शकुंतला जी धाकड़**) का स्कूटर से गिर जाने पर बाँयें हाथ की दोनों हड्डियाँ (रेडियस एवं अलना) का फ्रैक्चर हो गया। ऑपरेशन कर दोनों हड्डियों में रॉड बिठाई गई है एवं अपने निवास पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामना।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ



डॉ. के.एल. कोठारी का जन्म दिन 13 जुलाई को मनाया।



श्रीमती मंजुला शर्मा का जन्म दिन 21 जुलाई को मनाया।



डॉ. के.बी. शर्मा का जन्म दिन 28 जुलाई को मनाया।

HAPPY BIRTHDAY



**August**

| | |
|---|---|
| Mrs. Shakuntala Dhakar | 04/08 |
| Sh.Munish Goyal | 04/08 |
| Sh. Ganpat Lal Porwal | 08/08 |
| Sh.Raj Lodha | 14/08 |
| Sh.R.K.Bolia | 23/08 |
| Sh.Parag Kothari | 28/08 |
| Sh.Rakesh Samar | 31/ 08 |

**September**

| | |
|---|---|
| Sh. Ranjeet Choudhry | 01/09 |
| Sh. S.L. Nalwaya | 05/09 |
| Sh. Arvind Mehta | 14/09 |
| Sh. SL Bhandari | 15/09 |
| Sh.R.K.Chatur | 16/09 |
| Sh.Rakesh Samar | 16/09 |
| Dr. Anurag Talesara | 22/09 |
| Sh. Prakash Jain | 24/04 |
| Sh. J.S.Pokharna | 24/09 |
| Dr.Yogesh Joshi | 30/09 |

## रक्षा बन्धन पर सब को बधाई

# विज्ञान समिति के अगस्त माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर : समिति परिसर में तीसरे रविवार 19 अगस्त 2018 प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक।

| मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| **नियमित** | | |
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | 17 अगस्त – | गांव के स्कूल में पौधारोपण |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ | 31 जुलाई–1 अगस्त को | 2 दिवसीय पिकनिक |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ | सोमवार 20 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 25 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ | शनिवार 25 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | गुरुवार 30 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष** | | |
| ✷ स्वतंत्रता दिवस | बुधवार 15 अगस्त | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वृक्षारोपण एवं कृषक गोष्ठी देवाली विद्यालय | शनिवार 17 अगस्त | प्रातः 10 बजे प्रस्थान |
| ✷ सिलाई प्रशिक्षण समापन (नांदवेल) एवं सिलाई मशीन एवं ड्रेस वितरण(टूस डांगियान) सौजन्य महावीर इंटरनेशनल | शनिवार 18 अगस्त | प्रातः 10 बजे प्रस्थान |
| ✷ कार्यकारिणी परिषद बैठक | शुक्रवार 24 अगस्त | प्रातः 11.30 बजे से |
| ✷ 60वां स्थापना दिवस | मंगलवार 28 अगस्त | सायं 06.00 बजे से |

## अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्त सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**